**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 61 /गोपन/2024–25 दिनांकः 2। मई, 2024

## संवाद

आयोग के विज्ञापन संख्या 57/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा उत्तराखण्ड वन विकास निगम के अंतर्गत स्केलर के कुल 200 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु राज्य के पांच जनपदों अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ एवं टिहरी गढ़वाल में 15 मई, 2024 से शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का संचालित की जा रही है।

उक्त के साथ ही अवगत कराना है कि आयोग के दिनांक 26.04.2024 के परीक्षा कार्यक्रम में आबकारी सिपाही/परिवहन आरक्षी/उप–आबकारी निरीक्षक/हास्टल मैनेजर ग्रेड–3, गृहमाता/हाऊस कीपर (महिला) के पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 09 जून, 2024 को प्रस्तावित की गई थी।

अतः उपरोक्त संदर्भ में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रत्यावेदन के माध्यम से अवगत कराया गया कि उनकी स्केलर के पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा एवं दिनांक 09 जून, 2024 को प्रस्तावित आबकारी सिपाही/परिवहन आरक्षी/उप–आबकारी निरीक्षक/हास्टल मैनेजर ग्रेड–3, गृहमाता/हाऊस कीपर (महिला) की लिखित परीक्षा की अवधि समान होने के कारण उनके द्वारा एक ही परीक्षा में प्रतिभाग किया जाना संभव है। अभ्यर्थियों से प्राप्त ऐसे प्रत्यावेदनों के समाधान हेतु आयोग द्वारा दिनांक 14 मई, 2024 को जारी संवाद के माध्यम से अवगत कराया गया कि जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 07 जून, 2024 से 11 जून, 2024 तक निर्धारित है। ऐसे अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा स्थगित करते हुए पुनः संशोधित तिथि के अनुसार नये प्रवेश पत्र जारी किये जायेंगे।

उपरोक्त क्रम में ही अवगत कराना है कि आयोग के दिनांक 16 मई, 2024 को जारी अद्यतन परीक्षा कैलेण्डर में आबकारी सिपाही/परिवहन आरक्षी/उप–आबकारी निरीक्षक/हास्टल मैनेजर ग्रेड–3, गृहमाता/हाऊस कीपर (महिला) की प्रस्तावित लिखित परीक्षा की तिथि अपरिहार्य कारणों से दिनांक 09 जून, 2024 से परिवर्तित करते हुए दिनांक 30 जून, 2024 को निर्धारित कर दी गयी है।

अतः अब स्केलर के पदों की दिनांक 07 जून, 2024 से 11 जून, 2024 तक शारीरिक परीक्षा स्थगित करने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिये उक्त अवधि में शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा पूर्वानुसार निर्धारित तिथि को ही संचालित की जायेगी। अतः अभ्यर्थी पूर्व में जारी अपने प्रवेश पत्र के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षण केन्द्र में शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।